निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

28 फाल्गुन 1945 (श0)

(सं0 पटना 288) पटना, सोमवार, 18 मार्च 2024

सं० 3ए–2–वे०पु०–02/2024-2896/वि०

वित्त विभाग

संकल्प

15 मार्च 2024

विषयः– **वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3590, दिनांक–24.05.2017 द्वारा बिहार अवर योजना संवर्ग के अवर योजना पदाधिकारी का स्वीकृत वेतनस्तर–7 के स्थान पर वेतनस्तर–8 स्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

योजना एवं विकास विभाग की अधिसूचना सं०–4025, दि०–09.12.2009 द्वारा बिहार अवर योजना संवर्ग नियमावली, 2009 अधिसूचित है, जिसमें निम्नवत् पदसोपान विहित हैः–

| क्र०सं० | पदनाम | पदसोपान |
|---|---|---|
| 1 | **योजना सहायक**<br>(पूर्व पदनाम– वरीय सांख्यिकी सहायक) | मूलकोटि |
| 2 | **अवर योजना पदाधिकारी**<br>(पूर्व पदनाम– सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी) | प्रथम प्रोन्नति का पद |

2. **योजना सहायक** (पूर्व पदनाम– वरीय सांख्यिकी सहायक) एवं **अवर योजना पदाधिकारी** (पूर्व पदनाम– सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी) का वेतनमान दिनांक–01.01.1996 से अबतक निम्नवत् स्वीकृत हैः–

| क्र० सं० | पदनाम | दि०–01.01.1996 से स्वीकृत वेतनमान | दि०–01.01.2006 से स्वीकृत वेतनमान | दि०–01.01.2016 से स्वीकृत वेतनस्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **योजना सहायक**<br>(पूर्व पदनाम– वरीय सांख्यिकी सहायक) | 5000-8000/- | PB-2+4200/- | Level-7 |
| 2. | **अवर योजना पदाधिकारी**<br>(पूर्व पदनाम– सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी) | 5500-9000/- | PB-2+4600/- | Level-7 |

**3.** उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि दिनांक–01.01.2016 से वेतन पुनरीक्षण हेतु गठित राज्य वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में निर्गत वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3590, दिनांक–24.05.2017 द्वारा मूलकोटीय पद **योजना सहायक** (पूर्व पदनाम– वरीय सांख्यिकी सहायक) का वेतनमान दिनांक–01.01.2016 से PB-2+4200/- का समान प्रतिस्थानी वेतनस्तर–6 के स्थान पर एक उच्च **वेतनस्तर–7** स्वीकृत किया गया है, जबकि प्रोन्नत पद **अवर योजना पदाधिकारी** (पूर्व पदनाम–सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी) का वेतनमान दिनांक–01.01.2016 से PB-2+4600/- का समान प्रतिस्थानी **वेतनस्तर–7** ही स्वीकृत है। इस प्रकार मूलकोटि एवं प्रोन्नति के पद दोनों के लिए दिनांक–01.01.2016 से एक ही वेतनस्तर–7 स्वीकृत है, जो एक विसंगति है।

**4.** **अतः सम्यक् विचारोपरान्त** बिहार अवर योजना संवर्ग के प्रोन्नति का पद **अवर योजना पदाधिकारी** का दिनांक–01.01.2016 से वेतनस्तर–7 के स्थान पर वेतनस्तर–8 स्वीकृत किया जाता है। वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3590, दिनांक–24.05.2017 इस हद तक संशोधित समझा जायेगा।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
लोकेश कुमार सिंह,
सचिव (संसाधन)।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित ।**
**बिहार गजट (असाधारण) 288-571+10-डी0टी0पी0 ।**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**